सत्यमेव जयते

## पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्दश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

**सोमवार, तिथि** $\frac{\text{30 आषाढ़ 1936 (श0)}}{\text{21 जुलाई, 2014 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 37**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | गृह विभाग | .. | .. | 20 |
| (2) | सामान्य प्रशासन विभाग | .. | .. | 03 |
| (3) | गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 01 |
| (4) | उद्योग विभाग | .. | .. | 02 |
| (5) | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) | वित्त विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) | सांख्यिक वित्त विभाग | .. | .. | 05 |
| (8) | कारा विभाग | .. | .. | 02 |
| (9) | सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग — | 37 |

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*1130. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज नगर परिषद् अंतर्गत वार्ड नं0 20 के हलीम चौक में कब्रिस्तान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण अतिक्रमण हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

प्रोजेक्ट पूरा करना

*1131. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि देश भर के थानों को एक दूसरे से जोड़ने की बहुप्रतीक्षित योजना क्राइम एन्ड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क सिस्टम (सी0सी0टी0एन0एस0) प्रोजेक्ट गड़बड़ी के कारण बिहार में ठप हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत् दिनांक 7 जून, 2011 को थानों को जोड़ने का काम वैमटेक और आई0टी0आई0 कंपनी को सौंपा गया था, जिस कन्ट्रैक्ट पर 18 अक्टूबर, 2012 को एकरार हुआ था ;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य में 1279 साइट पर काम करना था जो अभीतक मात्र 275 साइटों पर ससाधनों की खरीद का काम किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक थानों को जोड़ने के प्रोजेक्ट को पूरा करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

*1132. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के ओ0पी0 एकचारी भवनहीन है जबकि यह पूर्णत: नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पीरपैंती प्रखण्ड के ओ0पी0 एकचारी में थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

बैंक की शाखा खोलना

*1133. श्री (मो0) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के लोहागाड़ा हाट में एक भी बैंक की शाखा नहीं हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि लोहा गाड़ा हाट से पूरब में तालाबाड़ी 8 कि0मी0, पश्चिम में बहादुरगंज 12 कि0मी0, दक्षिण कटहलबाड़ी 8 कि0मी0 तथा उत्तर में 15 कि0मी0 की दूरी पर धनतोला में बैंक की शाखा है, जिससे आम जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोहा गाड़ा हाट में राष्ट्रीयकृत बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चौकी की स्थापना

*1134. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत दुर्गापुर गाँव अमदाबाद थाना से 20 किलो मीटर दूर है, जो पश्चिम बंगाल की सीमा से लगा हुआ है एवं अपराध पर कारगर नियंत्रण रखने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दुर्गापुर गाँव में पुलिस चौकी की स्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

थाना का निर्माण

*1135. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अन्तर्गत खरसौता, देवगाँव, खुरियाल, जोकड़ तथा केलाबाड़ी पंचायतों में चोरी, डकैती होती है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अपराध रोकने हेतु खरसौता पंचायत के दमाईपुर में थाना निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

अनुदान राशि देना

*1136. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 27 अक्टूबर, 2013 को पटना के गाँधी मैदान में भाजपा के हुंकार रैली में लगभग 100 व्यक्ति घायल हुये थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि पी0एम0सी0एच0 के प्रतिवेदन के आधार पर चौंतीस व्यक्तियों में से मात्र 21 व्यक्तियों को बीस-बीस हजार रु0 अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 13 घायल व्यक्तियों को अनुग्रह अनुदान राशि देने के लिये जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक 1745, दिनांक 14 दिसम्बर, 2013 द्वारा प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार सरकार, पटना को पत्र लिखा गया है ;

(4) क्या यह बात सही है कि अबतक गृह विभाग द्वारा राशि का आवंटन जिला पदाधिकारी को नहीं किये जाने के कारण शेष तेरह व्यक्तियों को अनुग्रह अनुदान राशि नहीं दिया गया है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शेष व्यक्तियों को अनुग्रह अनुदान राशि बीस-बीस हजार रुपये के देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

चहारदीवारी का निर्माण

*1137. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, नागरिक विमानन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार नगर में अवस्थित हवाई अड्डा की जमीन, पक्का चहारदीवारी के अभाव में अतिक्रमित हो रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त हवाई अड्डा की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

काम शुरू करना

*1138. श्री प्रेम कुमार--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 29 मई, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''राज्य में निवेश प्रस्तावों में आने लगी कमी'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में निवेश के प्रस्तावों का ग्राफ नीचे गिरने लगा है, दो साल पहले दो सौ प्रस्ताव आये थे, उसका दस प्रतिशत प्रस्ताव इस वर्ष तक नहीं आया ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना में जमीन की कमी और पटना से बाहर बिजली के अभाव में राज्य निवेशक प्रोत्साहन बोर्ड से प्रस्ताव पास होने के बाद भी आधे से अधिक उद्योगों का काम शुरू नहीं हो पाया ;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निवेशकों की संख्या में तेजी लाने के लिये जमीन व बिजली की पर्याप्त उपलब्धता एवं राज्य निवेशक प्रोत्साहन बोर्ड से पास हुये प्रस्ताव पर काम शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*1139. श्री कृष्णनन्दन पासवान--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत रक्सौल प्रखंड के ग्राम पंचायत आमोदेई में विवादित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं कराई गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी का कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुलिस अनुमंडल बनाना

*1140. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 10 लाख से अधिक आबादी वाला लखीसराय जिला आपराधिक तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद एक मात्र लखीसराय पुलिस अनुमंडल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिक आबादी तथा भौगोलिक रूप से दुर्गम दियारा तथा पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण करना कठिन है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सूर्यगढ़ा आबादी तथा भौगोलिक दृष्टिकोण से पुलिस अनुमंडल बनने की सभी अर्हताओं को पूरा करता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूर्यगढ़ा, चानन, पिपरिया प्रखंड को मिलाकर सूर्यगढ़ा को पुलिस अनुमंडल बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*1141. डॉ0 फैयाज अहमद--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखंडान्तर्गत डुमरी कब्रिस्तान से सटे पोखर के कारण कब्रिस्तान की जमीन का कटाव हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कब्रिस्तान की चहारदीवारी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान चारागाह बन गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

मानदेय बढ़ाना

*1142. श्री विक्रम कुँवर--दिनांक 25 मार्च, 2014 को दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र में प्रकाशित ''10 हजार कर्मियों को पता नहीं किस विभाग के कर्मी'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, सूचना प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रदेश के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में बेल्ट्रॉन के सर्विस प्रोवाइडर के जरिये 10 हजार डाटा इंट्री ऑपरेटर विगत दस वर्षों से कार्यरत हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि दस वर्ष बीतने के बावजूद इन लोगों के लिये न विभाग ही तय है और न मानदेय ही बढ़ाया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 10 हजार कर्मियों में मात्र 190 कर्मियों को 10 हजार मासिक मिल रहा है तथा बाकी को 6341 रुपये का भुगतान हो रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शेष कर्मियों की विभागीय सूची बनाने तथा मानदेय बढ़ाने का विचार रखती है ?

------

कार्रवाई करना

*1143. श्री उमा कांत यादव--क्या मंत्री, राजभाषा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राजभाषा पदाधिकारी के रिक्त 8 पदों पर दिनांक 8 फरवरी, 2013 को सम्पन्न हुई प्रोन्नति समिति की बैठक में राजभाषा सहायक श्रेणी-2 के पद पर कार्यरत कर्मियों को योग्य पाते हुये प्रोन्नति हेतु अनुशंसा किये जाने के बावजूद भी अबतक प्रोन्नति नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

राष्ट्रीयकृत बैंक खोलना

*1144. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर प्रखण्ड के ग्राम-सहवा एवं पानापुर प्रखण्ड के बेलौड़ तरैया प्रखण्ड के ग्राम सरेयारत्नाकर में बैंकिंग सुविधा नहीं है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्डों के उक्त गाँवों में राष्ट्रीयकृत बैंक खोलवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थानान्तरित करना

*1145. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कटिहार नगर में अवस्थित सहायक थाना के भवन निर्माण हेतु वर्ष 2013-14 में जमीन उपलब्ध कराये जाने के बावजूद भी भवन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में सहायक थाना एक जीर्ण-शीर्ण अस्थाई भवन में चल रहा है, जिससे पुलिस कर्मियों को भारी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निश्चित अवधि में भवन निर्माण कर थाना को स्थानान्तरित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1146. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावाँ थाना भवन का निर्माण कार्य 2012-13 में शुरू किया गया है, परन्तु आजतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो पकरीवरावाँ थाना भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

कार्यान्वयन करना

*1147. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि श्री आफताब आलम की अध्यक्षता में गठित फिटमेंट समिति ने अचिकित्सा सहायक (कुष्ठ) का वेतनमान 4500--7000 रुपये करने की अनुशंसा वर्ष 2007 में की थी, यदि हाँ, तो फिटमेंट कमिटी की अनुशंसा को अभीतक कार्यान्वित नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक इसका कार्यान्वयन करने का विचार रखती है ?

---------

पुनर्निर्माण करना

*1148. डॉ0 अरूण कुमार--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर अनुमंडल मुख्यालय में कोई सरकारी निरीक्षण भवन (गेस्ट हाउस) नहीं है, पूर्व में एक डाक बंगला था जो क्षतिग्रस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमंडल मुख्यालय होने के कारण उक्त अधिकारियों एवं मुख्य विशिष्ट अतिथियों का आवागमन होते रहता है, गेस्ट हाउस के अभाव में ठहरने में काफी परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त गेस्ट हाउस को पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1149. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजम नगर प्रखंड के मरवतपुर पंचायत के पैंकवाहन कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की जमीन का अतिक्रमण हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

घटतौली रोकना

*1150. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, गन्ना विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में गन्ना की घटतौली के नियंत्रण हेतु सॉफटवेयर एच0 एच0 टी0 जी0 पी0 एस0 के साथ आई0 पी0 कैमरा एवं आउट सेंटर (Weigh-bridge conversion coadcell) कनभर्शन कोडसेल हेतु सरकार ने 24 अप्रील, 2013 को निर्णय लिया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के उक्त निर्णय का कार्यान्वयन अबतक नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संयंत्र लगाकर घटतौली को रोकने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1151. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2012-13 में बेऊर आदर्श जेल में 17, बक्सार में 15, भागलपुर में 14, अनुमंडल जेल भागलपुर में 1, मंडल जेल, जहानाबाद में 2, 34 कारा हिलसा में 1, मंडल जेल, शेखपुरा में 2, मंडल जेल, औरंगाबाद में 4, 34 कारा, दानापुर में 2, मंडल जेल फुलवारी शरीफ में 2 एवं जिला जेल, अररिया में 3 कैदियों की मौत हुई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि जेल मैनुअल के अनुसार कैदी की मौत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सूचना देना अनिवार्य है, जो नहीं दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मौत के जिम्मेवार एवं मानवाधिकार आयोग को सूचित नहीं करने वाला पदा0/कर्मचारियों के विरुद्ध अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन मौत की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है ?

कब्रिस्तान की घेराबन्दी

*1152. डॉ० (मो०) जावेद—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज नगर परिषद् अंतर्गत वार्ड नं० 34 के मझिया वकील टोला में कब्रिस्तान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण अतिक्रमण हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कैम्प स्थापित करना

*1153. श्री विभाष चन्द्र चौधरी—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला के वसंतपुर प्रखंड के बलभद्र गाँव में साम्प्रदायिक सद्भाव एवं कानून व्यवस्था नियंत्रित करने के उद्देश्य से 1999 में पुलिस कैम्प स्थापित किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अप्रैल, 2014 में पुलिस कैम्प को हटा दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पुनः पुलिस कैम्प स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

*1154. श्री (डॉ०) प्रेम कुमार—क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि सूबे बिहार के माली जाति की सामाजिक, शैक्षणिक, राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक हालात अत्यंत ही खराब है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2005-06 से माली के रिक्त पदों पर नियुक्ति नहीं हो पायी है;

(3) क्या यह बात सही है कि राज्य में माली के रिक्त पदों पर नियुक्ति के अभाव में बागवानी कार्य प्रभावित हो रहे हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माली के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुलिस चौकी की स्थापना

*1155. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत लखनपुर ग्राम पंचायत का दिल्ली दिवानगंज गाँव अमदाबाद थाना से 20 कि०मी० दूर महानन्दा नदी के पार स्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि नाव के सिवा वहाँ जाने का कोई अन्य विकल्प नहीं है;

(3) क्या यह बात सही है कि पश्चिम बंगाल प्रदेश की सीमा से लगा हुआ है;

(4) क्या यह बात सही है कि थाना से प्रशासनिक कार्य के नियंत्रण में काफी कठिनाई होती है;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दिवानगंज गाँव में पुलिस चौकी की स्थापना का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नियुक्ति करना

*1156. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप 3 भर्त्ती परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या 1008/2008 प्रकाशित किया गया था, लेकिन आजतक परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है, जिसके कारण छः सात वर्षों से स्पोर्टर्स कोच की नियुक्ति नहीं हो रही है जिससे खेल-कूद के क्षेत्र में प्रतिभा का विकास बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक स्पोर्टस कोच की नियुक्ति करने का विचार रखती है ?

---

पुलिस चौकी खोलना

*1157. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के केसरिया बौद्ध स्तूप के पास यात्री सुरक्षा एवं स्तूप के सुरक्षा के लिये आजतक पुलिस चौकी का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि केसरिया बौद्ध स्तूप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का पर्यटक केन्द्र है जहाँ सालों भर विदेशी एवं देशी पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल के पास लूटपाट एवं छिनतई की घटना के सत्य स्तूप पर चढ़कर असामाजिक तत्वों द्वारा धरोहर को नुकसान पहुँचाया जाता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बौद्ध स्तूप के पास पुलिस चौकी खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक खोलना

*1158. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के झौवा बहियार पंचायत एवं हरिणमार पंचायत की आबादी क्रमशः 10-10 हजार से अधिक है;

(2) क्या यह बात सही है कि गाँव या पंचायत की आबादी पाँच हजार होने पर ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2008-09 में लिया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित पंचायत की आबादी 10,000 है, लेकिन आजतक वहाँ ग्रामीण बैंक की शाखा नहीं खोला जा सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संख्या बढ़ाना

*1159. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नगर थाना नवादा में मात्र एक ही गाड़ी है, जिससे पुलिस पदाधिकारियों को पेट्रोलिंग करने में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नगर थाना नवादा में नियमित पेट्रोलिंग के लिये वाहनों की संख्या बढ़वाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

लाइसेंस रद्द करना

*1160. श्री मंजीत कुमार सिंह—दिनांक 4 जून, 2014 को दैनिक समाचार-पत्र में छपे शीर्षक "पटना में 63 हजार लाइसेंसी हथियारों का अता-पता नहीं" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में 70,450 लाइसेंसी हथियारों की संख्या है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रशासन ने हथियारों के भौतिक सत्यापन के लिये 1 मई से 31 मई, 2014 का समय निर्धारित किया था, जिसमें मात्र 6,769 लोगों ने लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन कराया तथा 63,681 रजिस्टर्ड लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो क्या सरकार लाइसेंसी हथियारों का भौतिक सत्यापन नहीं कराने वाले व्यक्तियों के हथियारों का लाइसेंस रद्द करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ एवं नाला का निर्माण

*1161. श्री प्रमोद कुमार—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला पुलिस मुख्यालय में 300 बेड का बैरक बन रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बैरक, पुलिस क्वार्टर लाइन के मुख्यालय के मुख्य पथ एवं नाला काफी जर्जर होने से पुलिस बल को आने-जाने में भारी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन के बैरक क्वार्टर के जर्जर पथ एवं नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कमरे का पुनर्निर्माण

*1162. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी—क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के मुंगेर मंडल कारा में वार्ड नं० 12 में कैदियों को रखा जाता है, परन्तु 12 नं० वार्ड का भवन, छत, दीवाल अत्यंत ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कैदियों के हित में वार्ड नं० 12 के कमरे का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आपूर्ति करना

*1163. डॉ० अच्युतानन्द—दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 12 अप्रैल, 2014 के अंक में छपी "बुनकरों से खरीदी जायेगी चादरें" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2011 में राज्य के अस्पतालों एवं जेलों

में चादर की आपूर्ति बिहार हस्तकरघा सहयोग समितियों से करने का निर्णय लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी आदेश की अवहेलना करके विभाग के द्वारा चादर की खरीददारी वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में एक एन०जी०ओ० से किया गया;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बिहार हस्तकरघा सहयोग समितियों से चादर की आपूर्ति नहीं कर एक एन०जी०ओ० से करने का क्या औचित्य है ?

---

बैंक खोलना

*1164. श्री अमन कुमार—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड में बाखरपुर पूर्वी एवं बाखरपुर पश्चिमी दो पंचायत का एक गाँव है जो सुदूर दियारा क्षेत्र में पड़ता है, जिनकी आबादी लगभग 25 से 30 हजार की है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में एक भी बैंक नहीं होने के कारण लोगों को 15 किलो मीटर दूर जाना पड़ता है जिससे आम जनता को कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पीरपैंती प्रखण्ड के बाखरपुर गाँव में बैंक खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास का निर्माण

*1165. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आवासीय भवन का निर्माण नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1993 से ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पदस्थापित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिरौल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के लिये आवास का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---

भ्रष्टाचार की जाँच

*1166. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय मोतिहारी दक्षिण के क्षेत्रीय प्रबंधक ने अपने पत्रांक आर०ओ०/एम०ओ० (एस०) 01/13-14-474, दिनांक 3 मार्च, 2014 द्वारा यह सूचित किया गया है कि विधायकों को भी उनके क्षेत्र के किसानों के नाम वितरित किसान क्रेडिट कार्ड की सूची गोपनीय प्रकृति के होने के कारण उपलब्ध नहीं कराई जा सकती है, जिस कारण सक्षम किसानों को के०सी०सी० का आर्थिक लाभ नहीं दिया जा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार पूर्वी चम्पारण के राजपुर ग्रामीण बैंक में वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में वितरित किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित भ्रष्टाचार की जाँच कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना:
दिनांक 21 जुलाई, 2014 (ई०) ।

हरे राम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

---

बि०स०मु० (एल०ए०) 68-डी०टी०पी०-450